# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
*सम्बद्ध*
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

पत्रांक : ...................... /2025–26 दिनांक : 17.10.2025

## प्रकाशनार्थ

17 अक्टूबर 2025, गोरखपुर। दिग्विजय नाथ पी जी कालेज गोरखपुर के समाजशास्त्र विभाग द्वारा स्वदेशी अपनाओ का संदेश देते हुए दीपावली पर्व के अवसर पर समाजशास्त्र के विद्यार्थियों द्वारा दीया बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशी उत्पादों के उपयोग के प्रति सजगता और गर्व की भावना जागृत करना था, साथ ही उन्हें स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के प्रति प्रेरित करना और उनमें आत्मनिर्भरता की भावना को सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि स्वदेशी का भाव प्रकृति व पड़ोस के प्रति अनुराग रखना है।उन्होंने विद्यार्थियों को स्वदेशी उत्पादों के महत्व से अगवत कराते हुए कहा कि हमें स्थानीय मूल्यों के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर विद्यार्थियों के स्वयं से सजावट किये गए दीपकों को चयनित कर पुरस्कृत किया गया। जिसमें रीतिका शुक्ला –प्रथम, सुप्रिया यादव – द्वितीय तथा ज्योति मिश्रा व रिया पाण्डेय संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं।

कार्यक्रम का संचालन डॉ सुनील सिंह ने एवं आभार ज्ञापन प्रो अर्चना सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रो परीक्षित सिंह, डॉ निधि राय, डॉ विवेकानंद, डॉ सुनील सिंह, डॉ सरिता सिंह, डॉ समृद्धि सिंह, आशुतोष दूबे सहित विद्यार्थी उपस्थित रहें।

डॉ सुनील कुमार सिंह
सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी